आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों ने आज अलग– अलग स्थानों पर चुनाव प्रचार किया । वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कौशांबी संसदीय सीट में राजनीतिक रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म कर दिया है । उन्होंने देश की सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बना दिया है, जबकि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि अगर वह सत्ता में आए तो धारा तीन सौ सत्तर को खत्म कर देंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी के गौरीगंज में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार उन्नीस में आपने क्रांतिकारी फैसला किया । इस बार भी जनता ने मोदी जी की जीत तय कर दी है जिसकी गूंज लखनऊ से दिल्ली तक सुनाई दे रही है। उन्होंने लखनऊ के मोहनलाल गंज लोकसभा क्षेत्र के सिधौली में भी एक जनसभा को सम्बोधित किया ।वहां उन्होंने कहा कि कांग्रेस ये दुष्प्रचार कर रही है कि भाजपा संविधान बदल देगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि अभी तक कांग्रेस ने ही संविधान बदला है।

सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बाराबंकी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने भाजपा और बसपा पर एक साथ निशाना साधा और कहा कि बहुजन समाज के लोग गठबंधन प्रत्याशी को जिताने में मदद करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है।

****

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की तेरह सीटों के लिए कल मतदान होगा । इन सीटों पर निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टी मतदान स्थलों पर पहुंच गयी हैं । चौथे चरण में प्रदेश की शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इन सभी सीटों के लिए मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा । निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान स्थलों पर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये हैं । स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के समाधान के लिए मेडिकल टीम भी तैनात की गयी हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं । वह कल ही लंका सिंहद्वार से काशी विश्वनाथ धाम तक रोड शो और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। परसों सुबह कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन के बाद वह कलक्ट्रेट पहुंच कर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके बाद वह रुद्राक्ष सभागार जाएंगे । वहां वह बूथ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्धजन के साथ वह संवाद करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम वाराणसी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की । श्री शाह ने आज वाराणसी के कैंटोनमेंट क्षेत्र में भाजपा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी किया । चुनाव तैयारी की सभी गतिविधियों की जानकारी इस सेंटर से ही प्रदान की जाएगी।

****

प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए पार्टी उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। पार्टी ने मिर्जापुर से रमेश बिंद को मैदान में उतारा है। पहले सपा ने मिर्जापुर सीट से राजेंद्र बिंद को टिकट दिया था, लेकिन जब भदोही से बीजेपी सांसद रमेश बिंद समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए तो अखिलेश ने उन्हें टिकट दे दिया। अब रमेश बिंद का मुकाबला एनडीए की सहयोगी अपना दल की अनुप्रिया पटेल से होगा । इसके अलावा सपा ने सोनभद्र जिले की रॉबर्ट्सगंज संसदीय सीट से छोटेलाल खरवार को टिकट दिया है। दोनों सीटें बीजेपी ने गठबंधन के तहत अपना दल को दी हैं । इन सीटों के लिए एक जून को मतदान होगा ।

****

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया ने आज अयोध्या पहुंच कर रामलला का दर्शन पूजन किया । उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सुख शांति और सद्भावना बनी रहे, यही उनकी कामना है । खासतौर से मणिपुर के लोग एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखें और प्रेम के साथ रहें। उन्होंने कहा कि वह रामलला से प्रार्थना करने आई थीं कि मणिपुर फिर से विकास की ओर आगे बढ़े और लोगों में पुनः भाईचारा स्थापित हो।

****

गोरखपुर की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों पर आज नर्सेज के सम्मान में एक मिनट तक ताली बजा कर अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया । इस मौके पर नर्सिंग सेवा की आदर्श फ्लोरेंस नाइटेंगिल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा भी की गयी। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने इस मौके पर नर्सेज को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सक की गैर मौजूदगी में स्वास्थ्य सेवा के प्रति विश्वसनीयता बनाये रखने में नर्सेज अहम भूमिका निभा रही हैं।

****